पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ० प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की अध्यक्षता में डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की समीक्षा बैठक सम्पन्न

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से किए जाने के दिये निर्देश

विश्वविद्यालय नए एवं अद्यतन कोर्स का सृजन करें
–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 21 अप्रैल, 2024

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के अधिकारीगणों के साथ समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में विश्वविद्यालय के सभी अधिकारीगणों के कार्य, विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया, भर्ती, छात्र–छात्राओं की समस्याएं, कर्मचारियों के लंबित भुगतान, संचालित कोर्स, परीक्षा, अंक पत्र का वितरण आदि विषय पर विस्तार से चर्चा हुई।

राज्यपाल जी ने न्यायालय में विश्वविद्यालय के लंबित वादों के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिया कि अधिकारीगण सभी लंबित वादों की समीक्षा करें, उनके कारण जाने तथा उन वादों का ससमय निस्तारण करें। उन्होंने सभी लंबित वादों को समर्थ पोर्टल पर अपलोड किए जाने के भी निर्देश दिए।

राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय में नामांकन की स्थिति जानी तथा बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया भी समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने विश्वविद्यालय में लंबित सभी प्रकार की फाइल के ससमय निस्तारण, परीक्षाओं के ससमय आयोजित किये जाने व अंक पत्र को समय से निर्गत किये जाने के निर्देश दिए ।

राज्यपाल जी ने कहा कि विश्वविद्यालय रोजगारपरक, नए एवं अद्यतन कोर्स का सृजन करें। उन्होंने कहा कि देश में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का आगमन हो रहा है तथा डिफेंस कॉरिडोर के दृष्टिगत भी संबंधित कोर्सेस का विश्वविद्यालय में संचालन किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा बेस्ट प्रैक्टिस किये जाने पर बल तथा विभिन्न संस्थाओं से पाठ्यक्रमों से संबंधित समझौता ज्ञापन किये जाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज एल0 जानी, विश्वविद्यालय के कुलपति श्री जे0पी0 पांडेय, विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक, रजिस्ट्रार, विभिन्न अधिकारी तथा कर्मचारी गण मौजूद रहे।

\-------

कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250